**C**

**CCE PR**
**NSR & NSPR**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESHWARAM, BANGALORE – 560 003**

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್ / ಜುಲೈ, 2022**

**S.S.L.C. EXAMINATION, JUNE / JULY, 2022**

**ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು**

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 01. 07. 2022 ] **ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

Date : 01. 07. 2022 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Private Repeater / NSR & NSPR )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 10 × 1 = 10 | |
| 1. | 'स्थिर' शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) स्थिरता (B) स्थिति<br>(C) अस्थिर (D) परिस्थिति ।<br>**उत्तर :** (C) अस्थिर | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | उसका नाम गिल्लू है । | |
| | वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है – | |
| | (A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक | |
| | (C) विस्मयादिबोधक (D) अल्प विराम । | |
| | **उत्तर :** (A) पूर्ण विराम | 1 |
| 3. | दुकानदार ने सेब लिफाफे .................... रखा । | |
| | (A) से (B) का | |
| | (C) को (D) में । | |
| | **उत्तर :** (D) में | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है – | |
| | (A) चादर (B) कपड़े | |
| | (C) चीज़ (D) बात । | |
| | **उत्तर :** (B) कपड़े | 1 |
| 5. | 'पीना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है – | |
| | (A) पीता (B) पिलवाना | |
| | (C) पिलाना (D) पीला । | |
| | **उत्तर :** (C) पिलाना | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| 6. | 'सहानुभूति' शब्द में संधि है – | | |
| | (A) दीर्घ | (B) गुण | |
| | (C) व्यंजन | (D) वृद्धि । | |
| | **उत्तर :** (A) दीर्घ | | 1 |
| 7. | निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास का उदाहरण है – | | |
| | (A) जलप्रपात | (B) राजवंश | |
| | (C) राजमहल | (D) माता-पिता । | |
| | **उत्तर :** (D) माता-पिता | | 1 |
| 8. | निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है – | | |
| | (A) लेखक | (B) मयूरी | |
| | (C) पिता | (D) श्रीमान । | |
| | **उत्तर :** (B) मयूरी | | 1 |
| 9. | 'दोस्त' शब्द का समानार्थक शब्द है – | | |
| | (A) प्रिय | (B) दोस्ती | |
| | (C) मित्र | (D) दुश्मन । | |
| | **उत्तर :** (C) मित्र | | 1 |
| 10. | 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है – | | |
| | (A) सुबह होना | (B) रात होना | |
| | (C) शाम होना | (D) दोपहर होना । | |
| | **उत्तर :** (A) सुबह होना | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 11. | कालानाग : पर्वत : : गंगोत्री : ....................... <br> **उत्तर :** ग्लेशियर | 1 |
| 12. | नागपुर : संतरा : : कश्मीर : ....................... <br> **उत्तर :** सेब | 1 |
| 13. | चुगलखोर : बलराम : : भोला-भाला : ....................... <br> **उत्तर :** बालकृष्ण | 1 |
| 14. | प्रताप : छोटा भाई : : बसंत : ..................... <br> **उत्तर :** बड़ा भाई | 1 |
| 15. | कश्मीरी सेब : कहानी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : .................... <br> **उत्तर :** व्यंग्य रचना | 1 |
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 16. | आज की दुनिया कैसी है ? <br> **उत्तर :** विचित्र और नवीन | 1 |
| 17. | कलामजी के बचपन में दुर्लभ वस्तुएँ क्या थीं ? <br> **उत्तर :** पुस्तकें | 1 |
| 18. | बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ? <br> **उत्तर :** आलस है | 1 |
| 19. | लेखक को कहाँ ठहराया गया ? <br> **उत्तर :** होटल के एक बड़े कमरे में | 1 |
| 20. | प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ? <br> **उत्तर :** बचे हुए पैसे लौटाने । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 10 × 2 = 20 | |
| 21. | समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?<br>**उत्तर :** * समय को कभी बेकार नहीं गँवाना चाहिए ।<br>* किसी भी काम को उसके नियत समय पर ही करना चाहिए ।<br>* काम करने में आलस करने से समय नष्ट होता है ।<br>* समय का सही उपयोग करनेवाला सुखी होता है ।<br>( कोई दो अंश ) | 2 |
| 22. | लेखक परसाईजी ने मंत्री को कैसे समझाया ?<br>**उत्तर :** परसाईजी ने समझाया, ''आप पुलिस को मत बुलवाइये । ईमानदारों के सम्मेलन में पुलिस ईमानदारों की तलाशी लें, यह बड़ी अशोभनीय बात होगी । इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी गड़बड़ी तो होगी ही ।'' | 2 |
| 23. | गाजर के बारे में प्रेमचंदजी के विचार लिखिए ।<br>**उत्तर :** * गाजर पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी ।<br>* अमीर लोग तो गाजर का हलवा ही खाते थे ।<br>* गाजर में भी बहुत विटामिन है ।<br>* गाजर को खाने की मेजों पर स्थान मिलने लगा है ।<br>( कोई दो अंश ) | 2 |
| 24. | बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?<br>**उत्तर :** बलराम मुझे चिढ़ाता है । वह कहता है कि, तुम मेरी माता नहीं हो । मुझे मोल लिया गया है । वह सभी को मेरे बारे में बताता है । सभी मुझपर हँसते हैं । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 25. | ई-गवर्नेंस क्या होता है ?<br>**उत्तर :** ई-गवर्नेंस द्वारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि को यथावत् लोगों को सूचित किया जाता है । इससे प्रशासन पारदर्शी बन जाता है । | 2 |
| 26. | नमाज की प्रासंगिकता के बारे में जैनुलाबदीन के विचार बताइए ।<br>**उत्तर :** जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता । | 2 |
| 27. | तुलसीदासजी के अनुसार विपत्ति के सच्चे साथी कौन-कौन हैं ?<br>**उत्तर :** * विद्या<br>* विनय<br>* विवेक<br>* साहस<br>* सुकृति<br>* सुसत्य व्रत<br>* ईश्वर पर विश्वास । ( कोई चार अंश ) | 2 |
| 28. | टाइटन का परिचय दीजिए ।<br>**अथवा**<br>शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह क्यों कहा जाता है ?<br>**उत्तर :** शनि का सबसे बड़ा चन्द्र टाइटन सौर मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है । टाइटन हमारे चन्द्र से भी काफी बड़ा है । इसका व्यास लगभग 5150 किलोमीटर है ।<br>**अथवा** | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह कहा जाता है । इसके चारों ओर सुंदर वलय दिखाई देते हैं । प्रकृति ने शनि के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं । यह सौरमंडल का अत्यंत सुंदर और मनोहर ग्रह है । | |
| 29. | सत्य के बारे में शास्त्रों में क्या कहा गया है ?<br>**अथवा**<br>झूठ का सहारा लेने से क्या होता है ?<br>**उत्तर :** सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे । अप्रिय सत्य मत बोलो ।<br>**अथवा**<br>* एक झूठ को छिपाने के लिए कई और झूठ बोलने पड़ते हैं ।<br>* पोल खुलने पर मुँह काला करना पड़ता है ।<br>* अपमानित होना पड़ता है । | 2 |
| 30. | सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह और उपग्रह कौन-सा है ?<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह का वातावरण किन-किन गैसों से बना है ?<br>**उत्तर :** सबसे बड़ा ग्रह — बृहस्पति ।<br>सबसे बड़ा उपग्रह — गैनीमीड ।<br>**अथवा**<br>* हाइड्रोजन<br>* हीलियम<br>* मीथेन<br>* एमोनिया । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| V. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** $11 \times 3 = 33$ | |
| 31. | कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** * कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है । बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला अद्‌भुत है ।<br>* बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों में जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं ।<br>* श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फीट ऊँची एकशिला प्रतिमा है । | 3 |
| 32. | व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?<br>**उत्तर :** * इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं ।<br>* कोई भी बिल भर सकते हैं ।<br>* इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर, चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है । | 3 |
| 33. | मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं ।<br>* मातृभूमि के वन और उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं ।<br>* मातृभूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है । | 3 |
| 34. | बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** बसंत एक ईमानदार लड़का है ।<br>वह गरीब होने पर भी भीख लेना नहीं चाहता ।<br>वह परिश्रम करके सम्मान से जीना चाहता है ।<br>नोट भुनाकर लौटते समय वह दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है ।<br>होश में आते ही बचे हुए पैसे लौटाने प्रताप को भेजता है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या किया ?<br>**उत्तर :** सबसे पहले फावड़े से बर्फ़ की खुदाई कर अपने आपको स्थिर किया । बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे के ताज का चुंबन किया । अपने थैले से हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला । अपने साथ लाये लाल कपड़े में लपेटकर छोटी सी पूजा करके इन्हें बर्फ में दबा दिया । | 3 |
| 36. | अहमद जलालुद्दीन का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** * जलालुद्दीन एक स्थानीय ठेकेदार थे ।<br>* उनके साथ कलामजी की बड़ी बहन की शादी हुई थी ।<br>* पूरे इलाके में जलालुद्दीन ही अंग्रेजी में लिख सकते थे ।<br>* उनके बराबर शिक्षा का स्तर किसी का नहीं था ।<br>* किसी को भी उनके बराबर बाहरी दुनिया की जानकारी नहीं थी ।<br>* वे हमेशा शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते रहते थे ।<br>* जलालुद्दीन ने कलामजी को सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया । ( कोई तीन-चार अंश ) | 3 |
| 37. | कवि दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?<br>**उत्तर :** कवि दिनकरजी के अनुसार प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना है । मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है । जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी मिटाये, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा । यही मानव का परिचय है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 38. | लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?<br>**उत्तर :** * लेखिका गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लायी ।<br>* रूई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया ।<br>* कई घंटे के उपचार के उपरांत उसके मुँह में एक बून्द पानी टपकाया जा सका । इस तरह लेखिका ने गिल्लू के प्राण बचाये । | 3 |
| 39. | यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?<br>**उत्तर :** यशोदा कृष्ण के क्रोध को शांत करने के लिए कहती है –<br>* हे कृष्ण ! सुनो । बलराम बचपन से ही चुगलखोर है ।<br>* मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ कि, मैं ही तेरी माता हूँ ।<br>* तुम मेरे ही पुत्र हो । | 3 |
| 40. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान को एक ।<br>पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।<br>**उत्तर :** तुलसीदासजी के अनुसार मुखिया को मुँह के समान होना चाहिए । मुँह जो भी खाता-पीता है, उससे शरीर के सभी अंगों का पालन-पोषण करता है । मुखिया को भी ऐसे ही विवेकवान होकर बिना किसी भेदभाव के सभी सदस्यों को समान रूप से देखना चाहिए । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 41. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br><br>आज हम सभी इंटरनेट का उपयोग करते हैं । यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है । सचमुच इंटरनेट एक वरदान है ।<br><br>**उत्तर :** ಇಂದು ನಾವೆಲ್ಲರೂ ಅಂತರ್ಜಾಲವ (ಇಂಟರ್‌ನೆಟ್)ನ್ನು ಉಪಯೋಗಿಸುತ್ತೇವೆ. ಇದು ನಮ್ಮ ಆಧುನಿಕ ಜೀವನಶೈಲಿಯ ಮಹತ್ವಪೂರ್ಣ ಅಂಗವಾಗಿದೆ. ನಿಜವಾಗಿಯೂ ಅಂತರ್ಜಾಲ ಒಂದು ವರದಾನವಾಗಿದೆ.<br><br>Today we all use internet. It is an important part of our modern lifestyle. Really internet is a boon . | 3 |
| VI.<br>42. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 3 × 4 = 12<br>गिल्लू ने लेखिका की गैरहाज़री में दिन कैसे बिताये ?<br>**अथवा**<br>गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** लेखिका को कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ा । उन दिनों जब मेरे कमरे का दरवाजा खोला जाता, गिल्लू अपने घोंसले से उतरकर दौड़ता और फिर किसी दूसरे को देखकर तेजी से अपने घोंसले में जा बैठता । सब उसे काजू दे जाते, परन्तु अस्पताल से लौटकर जब मैंने उसके झूले की सफाई की तो उसमें काजू भरे मिले, जिनसे ज्ञात होता था कि वह उन दिनों अपना प्रिय खाद्य कितना कम खाता रहा ।<br>**अथवा**<br>गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवनयात्रा का अंत आ ही गया । दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया । पंजे इतने ठंडे हो रहे थे कि, मैंने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया । परन्तु प्रभात की पहली किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 43. | कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ?<br><br>**अथवा**<br><br>कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।<br><br>**उत्तर :** * कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की कीर्ति फैलाई है ।<br>* वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे ।<br>* अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने अपने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है ।<br>* पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये हैं ।<br>* पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है ।<br><br>**अथवा**<br><br>* कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है ।<br>* पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है ।<br>* इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं ।<br>* इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है ।<br>* दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 44. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br><br>असफलता ............................................<br><br>..........................................................<br><br>..........................................................<br><br>............................................ भागो तुम ।<br><br>**उत्तर :** असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| VII. 45. | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>$5 \times 1 = 5$<br><br>मनुष्य प्रकृति पर निरंतर प्रहार करता आ रहा है । अब उसका परिणाम सामने आया है । प्रकृति का विकोप बढ़ रहा है । जैसे, जल मालिन्य से जलचर मर रहे हैं । पानी पीने योग्य नहीं रह गया है । वायु मालिन्य के कारण 'अम्ल वर्षा' हो रही है । इससे साँस से संबंधित बीमारियाँ फैल रही हैं । अब आदमी की आँखें | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | खुल गयी हैं । प्रदूषण को दूर करने के उपाय सोच रहा है । मनुष्य का स्वार्थ ही पर्यावरण के नाश के लिए मुख्य कारण है । वह अपने स्वार्थ के लिए प्राकृतिक संपत्ति का नाश कर रहा है । अनजान में मनुष्य अपनी कब्र खुद खोद रहा है ।<br>अ) जलचर क्यों मर रहे हैं ?<br>आ) 'अम्ल वर्षा' क्यों होती है ?<br>इ) आज मनुष्य क्या सोच रहा है ?<br>ई) पर्यावरण के नाश का मुख्य कारण बताइये ।<br>उ) मनुष्य अपनी ही कब्र कैसे खोद रहा है ? | |
| | **उत्तर :** अ) जल मालिन्य से । | 1 |
| | **उत्तर :** आ) वायुमालिन्य के कारण । | 1 |
| | **उत्तर :** इ) प्रदूषण को दूर करने के उपाय । | 1 |
| | **उत्तर :** ई) मनुष्य का स्वार्थ । | 1 |
| | **उत्तर :** उ) मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए प्राकृतिक संपत्ति का नाश कर रहा है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VIII. 46. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 5 = 5<br>क) **मोबाइल फोन : एक शिक्षा साधन**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ शैक्षणिक उपयोग<br>✳ जानकारी एकत्र<br>✳ उपसंहार ।<br>ख) **महँगाई**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ महँगाई के कारण<br>✳ महँगाई के परिणाम<br>✳ महँगाई दूर करने के उपाय<br>✳ उपसंहार ।<br>ग) **इंटरनेट**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ अर्थ<br>✳ लाभ<br>✳ प्रभाव<br>✳ उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1<br>✳ भाषा का प्रयोग 1 | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$ | |
| 47. | तीन दिन की छुट्टी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापकजी को एक छुट्टी पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>शैक्षणिक प्रवास जाने के लिए अनुमति व रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर :** व्यावहारिक पत्र :<br>* प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>* पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>* विषय $\frac{1}{2}$<br>* संबोधन $\frac{1}{2}$<br>* पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>* समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>पारिवारिक पत्र :<br>* प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>* संबोधन एवं अभिवादन 1<br>* पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>* समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>* पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | 5 |